तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 30 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 प्रधानमंत्री जनमन योजना में पलीता, सड़क निर्माण कार्य में ...



14 जिले में 31 मई को आएंगे सीएम साय, सामूहिक...



## देवकर में पीएम आवास, 15 नए राशन कार्ड और नोनी सुरक्षा प्रमाण पत्रों का वितरण

### विधायक ने विभागीय स्टॉलों का किया निरीक्षण, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नगर पंचायत देवकर कार्यालय प्रांगण में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में नगर पंचायत देवकर सहित स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आयुष, विद्युत, श्रम, आबकारी, वन, परिवहन, आदिम जाति कल्याण, कृषि, खाद्य, स्कूल शिक्षा एवं पशुपालन विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से आमजन को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही भी की गई। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत देवकर द्वारा 15 नवीन राशन कार्डों का वितरण किया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पांच हितग्राहियों को "खुशियों की चाबी" प्रदान कर उनके नए आवास सौंपे गए। स्वास्थ्य विभाग ने टीबी मुक्त अभियान के तहत दो हितग्राहियों को निक्षय मित्र पोषण आहार वितरित किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 13 हितग्राहियों को नोनी सुरक्षा योजना के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा गया। विधायक ईश्वर साहू ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।



### समस्याओं का अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश

निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में परपोड़ी मंडल महामंत्री डॉ. कमलेश साहू, विधायक प्रतिनिधि अजय अग्रवाल सहित पार्षद सुरेश सिन्हा, रविशंकर स्वर्णकार, देवेश गुप्ता, वर्षा साहू, पुष्पा साहू, धनीराम देवांगन, माखन निषाद एवं सलमा मिर्जा उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्य नगरपालिका अधिकारी केशराम साहू, उप अभियंता दीपक आँचला, लेखापाल गजाधर यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गूगल अपडेट का मैसेज खोलते ही खाते से 2 लाख पार

**भिलाई।** मोहन नगर थाना क्षेत्र के साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें मोबाइल पर आए गूगल अपडेट मैसेज को खोलते ही बैंक खाते करीब 2 लाख रुपए पार हो गया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शंकर नगर दुर्ग निवासी ठेकेदारी का काम करने वाले महेन्द्र कुमार देशलहरा ने बताया कि 22 मई को मोबाइल पर गूगल अपडेट का मैसेज आया। क्लिक करने पर मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बाद दोबार चालू करने पर मोबाइल हैक हो गया। बैंक खाते से 22 मई सुबह करीब 11.30 बजे 94999 रुपए, 11.31 बजे 5001 रुपए, 23 मई को शाम करीब 4 बजे 99500 रुपए, इस प्रकार बंधन बैंक के खाते से कुल 199500 रुपए ट्रांसफर हो गए।

### सिर पर सब्बल से 12 वार, हत्या की कोशिश

**भिलाई।** नेवई थाना क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते युवक के सिर पर लोहे के सब्बल से ताबड़तोड़ हमला किया था। घटना के बाद वह फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी की पहचान मनीष कुमार कोसरे (29 वर्ष) निवासी विजय चौक, स्टेशन मरोदा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, प्रार्थिया कुमारी टोडर ने थाना नेवई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 मई की सुबह करीब 6 बजे उसका बड़ा बेटा मुकेश टोडर घर के सामने मोटरसाइकिल पर बैठा था। इसी दौरान पड़ोसी मनीष कुमार कोसरे लोहे का सब्बल लेकर वहां पहुंचा और आज तुझे जान से खत्म कर दूंगा कहते हुए मुकेश पर हमला कर दिया। आरोपी ने मुकेश के सिर पर लगातार 10 से 12 बार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच बचाव करने के लिए प्रार्थिया, उसकी बहू साधना टोडर और आसपास के लोग पहुंचे, तब आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर नेवई पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी को पकड़ने टीम गठित की गई। पुलिस ने लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी और आखिरकार आरोपी मनीष कुमार कोसरे को स्टेशन मरोदा क्षेत्र से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने हमला करना स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल भी बरामद किया है।

### दो घरों के ताले तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी पार

**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी उम्दा, भिलाई-3 में अज्ञात चोरों ने सूने मकानों को निशाना बनाते हुए दो घरों में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने ताले तोड़कर घरों में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। दोनों मामलों में चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। घटना पुरानी भिलाई-3 थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए) और 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दो घरों में चोरी की घटना से कॉलोनी के लोगों में दहशत का माहौल है। पहली घटना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी उम्दा निवासी गिरजा शंकर तिवारी के घर हुई। उन्होंने पुलिस को बताया कि 26 मई की शाम करीब 7 बजे वे घर में ताला लगाकर ड्यूटी पर गए थे। अगले दिन 27 मई की सुबह करीब 8 बजे लौटने पर देखा कि चैनल गेट और मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर प्रवेश करने पर कमरे में रखी आलमारी का सामान बिखरा पड़ा मिला। बदमाशों ने आलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और नगदी चोरी कर ली। चोरी गए सामान में एक सोने का मंगलसूत्र पेंडेंट सहित, बच्चे का चांदी का चुड़ा, दो जोड़ी छोटी चांदी की पायल, एक जोड़ी बड़ी पायल और तीन जोड़ी चांदी की बिछिया शामिल है।

## अपराध : गंभीर रूप से घायलों को नवागढ़ सीएचसी में कराया गया भर्ती

# प्रेम प्रसंग के विवाद में दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट, 7 घायल, दोनों ओर से एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोहतरा शुक्रवार को उस समय सुर्खियों में आ गया, जब वर्षों पुराने एक प्रेम प्रसंग को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई, फिर गाली-गलौज और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के कुल 7 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में दिनभर तनाव और चर्चा का माहौल बना रहा।

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, विवाद की जड़ एक पुराने प्रेम संबंध को बताया जा रहा है। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी शिकायत में एक-दूसरे पर हमला करने, अश्लील गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। खास बात यह है कि घटना के कुछ ही घंटों के भीतर दोनों पक्ष नवागढ़ थाना पहुंच गए और एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

### घर के सामने शुरू हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे ग्राम मोहतरा में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को समझाइश देने की बात कही जा रही है। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ ही देर में माहौल गरमा गया और दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। घटना के दौरान परिजनों और आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक कई लोग चोटिल हो चुके थे। ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया।



### दोनों पक्षों ने लगाए गंभीर आरोप

पहले पक्ष ने आरोप लगाया है कि विरोधी पक्ष के लोगों ने एक राय होकर डंडों और हाथ-मुक्कों से हमला किया, जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि उनके घर पहुंचकर विवाद किया गया और बाद में उनके साथ मारपीट की गई। दोनों पक्षों ने अपने-अपने बयान में गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप भी लगाए हैं। नवागढ़ पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध क्रमांक 0137 एवं 0138 दर्ज किए हैं। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 351(3), 115(2) एवं 3(5) के तहत मामला कायम किया गया है। पुलिस अब दोनों पक्षों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### अस्पताल में जारी है उपचार

मारपीट में घायल लोगों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश घायलों को सिर, हाथ, कंधे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। सभी की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव ने बताया कि ग्राम मोहतरा में दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है और विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### गांव में चर्चा का विषय बनी घटना

एक ही गांव के दो परिवारों के बीच हुआ यह विवाद अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते आपसी बातचीत और समझाइश से मामले का समाधान निकाल लिया जाता, तो यह विवाद थाने और अस्पताल तक नहीं पहुंचता। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तह तक पहुंचने के लिए जांच में जुटी हुई है।

## परपोड़ी में डीएपी नहीं किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर एवं आसपास को अधिकांश आबादी कृषक है अथवा कृषि कार्य के मजदूरी लगी में लगी है। ऐसे में अर्थव्यवस्था में कृषि का बड़ा योगदान है। इसलिए कृषि संसाधनों की उपलब्धता सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे में किसानों को ठीक समय पर खाद, बीज, नगद ऋण और सिंचाई की उपलब्धता निश्चित करना जरूरी है लेकिन परपोड़ी के सोसायटी में डीएपी की उपलब्धता नहीं है। जिससे किसानों का उत्पादन प्रभावित होगा। किसान डीएपी नहीं मिलने से परेशान है।



सामान्यतः किसानों के द्वारा खरीफ की मुख्य फसल धान है। शासन के अनुसार ही धान की फसल के लिए डीएपी आवश्यक है। मिली जानकारी के अनुसार प्रति एकड़ 1 बोरी डीएपी डाली जाती है। डीएपी संतुलित पोषक तत्व के लिए आवश्यक है। डीएपी के उपयोग में आसानी है। पौधे की वृद्धि एवं उत्पादकता में इसकी प्रभावी भूमिका होती है। इस कारण इसे अत्याधिक महत्व दिया जाता है। डीएपी को फसल की बुआई के समय ठीक जुताई के दौरान खेतो में डाला जाता है। यह नाइट्रोजन और फास्फोरस का मुख्य स्त्रोत है। 1 एकड़ में लगभग 1 बोरी डीएपी डाली जाती है। यह पौधों के वृद्धि और मजबूती में सहायक होता है। डीएपी जैसे कृषि कार्य के आवश्यक संसाधन की अनुपलब्धता से किसान अच्छे खासे परेशान है। निजी दुकानों में किसानों को ज्यादा कीमत में खाद खरीदना पड़ रहा है। जिससे कृषि कार्य महंगा हुआ है। वैसे भी डीजल के बढ़े दाम और अनिश्चित डीजल उपलब्धता से किसान परेशान है। ऐसे में किसानों के संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है। वरना पूरा खाद्यान्न चक्र असंतुलित हो जाएगा। जिससे महंगाई और बढ़ेगी। ईश्वरी वर्मा सेवा सहकारी समिति, परपोड़ी ने कहा की सेवा सहकारी समिति में डीएपी नहीं है। इसका कारण समिति में आपूर्ति नहीं होना है। आपूर्ति के संबंध में जानकारी देना संभव नहीं है।

## आबकारी विभाग की 49 ठिकानों पर दबिश, 32 मामले दर्ज ढाबों-होटलों में मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन तिहार के दौरान जिले में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने आबकारी विभाग ने व्यापक अभियान चलाते हुए 49 स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 32 प्रकरण दर्ज किए गए। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी मामलों में आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर मुचलके पर रिहा किया गया। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. पलक नंद एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी आनंद के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया गया।

■ सुशासन तिहार में आबकारी विभाग की कार्रवाई

कार्रवाई नवागांव, बेरा, उमरिया, सेमरिया, कठौतिया, खैरझिटी, मोहरेंगा, मऊ, अतरिया, मोहलई, बीजाभाट, सिंघौरी, ढोलिया, चोरभट्ठी, बहेरा, दाढ़ी सहित शहर क्षेत्र के विभिन्न ढाबों और संदिग्ध स्थानों पर की गई। आबकारी विभाग ने बताया कि अभियान के दौरान आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख), धारा 36(सी) एवं धारा 36(1)(च) के अंतर्गत 32 जमानती प्रकरण कायम किए गए। बरामद मदिरा की जांच के बाद उसे विधिवत सीलबंद कर जब्त किया गया तथा संबंधित आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

### ढाबों और होटलों में संयुक्त जांच

जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने शहर क्षेत्र के विभिन्न ढाबों और होटलों में विशेष जांच अभियान चलाया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान 6 प्रकरण दर्ज किए गए। वहीं नवागांव, झाल, मोहरेंगा, कठौतिया, अतरिया, बीजाभाट, चोरभट्ठी, बहेरा एवं शहर क्षेत्र के कुल 17 रिहायशी मकानों, ढाबों, होटलों और ठेलों की जांच भी की गई। जांच के दौरान इन स्थानों से किसी प्रकार का मादक पदार्थ या अवैध शराब बरामद नहीं हुई।

### शिकायत मिलते ही हो रही त्वरित कार्रवाई

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं मुखबिर से मिली सूचनाओं के आधार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। शिकायत मिलने पर आबकारी अमला मौके पर पहुंचकर गवाहों की उपस्थिति में जांच करता है तथा बरामद सामग्री को जब्त कर दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाता है। आबकारी विभाग ने नागरिकों से अवैध मदिरा के धारण, संग्रहण एवं बिक्री की सूचना तत्काल विभाग को देने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं गोपनीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अवैध शराब संबंधी शिकायत आबकारी उप निरीक्षक, वृत्त बेमेतरा के मोबाइल नंबर 7803036415 पर दर्ज कराई जा सकती है।

## डाइट में चल रही डीएलएड की वार्षिक परीक्षाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित डीएलएड की वार्षिक परीक्षाएं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही हैं। परीक्षा के दूसरे दिन डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की "आधुनिक विश्व के संदर्भ में भारतीय शिक्षा" विषय की परीक्षा आयोजित की गई। द्वितीय वर्ष की इस परीक्षा में पंजीकृत 98 छात्राध्यापकों में से 96 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 2 छात्राएं ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ दूसरे दिन 96 छात्राध्यापक हुए शामिल, 2 छात्राएं अनुपस्थित

## भद्रकाली परिसर में लगा शिविर, वार्ड 15 से 21 के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित "आपके शहर-आपके ग्राम : विष्णु के सुशासन" अभियान के अंतर्गत तीसरे चरण का समाधान शिविर वार्ड क्रमांक 15 से 21 तक के नागरिकों हेतु माँ भद्रकाली परिसर में आयोजित किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही "विष्णु के सुशासन" अभियान का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी आज धरातल पर पूरी होती दिखाई दे रही है और शासन की योजनाओं से आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में पेयजल, सड़क, सफाई, राशन कार्ड, पेंशन एवं अन्य जनसमस्याओं ▶▶| शेष पेज 13 पर



## सिटी कोतवाली में बैठक, दिए गए निर्देश

# सराफा कारोबारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, सीसीटीवी लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा सराफा व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला ने शहर के सराफा व्यापारियों से सीधे संवाद करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में थाना स्टाफ सहित बड़ी संख्या में शहर के सराफा व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने व्यापारियों से कहा कि वर्तमान समय में सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी सराफा दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने, सुरक्षा अलार्म सिस्टम स्थापित करने तथा अन्य आधुनिक सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे चालू स्थिति में रहें तथा उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में पुलिस को जांच में मदद मिल सके। निरीक्षक सोनल ग्वाला ने व्यापारियों को अज्ञात एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने की सलाह देते हुए कहा कि यदि दुकान या आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। समय पर दी गई सूचना अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने व्यापारियों को बड़ी लेन-देन के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश भी दिए।



### संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत दें

बैठक में पुलिस प्रशासन की ओर से यह भरोसा दिलाया गया कि शहर में लगातार पेट्रोलिंग एवं निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। प्रमुख बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि व्यापारियों में सुरक्षा का विश्वास कायम रहे। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय एवं आपसी सहयोग से ही जिले में शांति, सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने व्यापारियों से पुलिस मित्र की भूमिका निभाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत साझा करने की अपील की। बैठक में उपस्थित सराफा व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे सुरक्षा कदमों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। व्यापारियों ने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच इस प्रकार का संवाद सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना की प्रवेश प्रक्रिया स्थगित

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 26 जुलाई 2026 रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित किए जाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर विद्यार्थियों एवं पालकों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। किन्तु योजना अंतर्गत वर्तमान में संस्था इम्पैनलमेंट एवं कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए की जा रही प्रक्रियाओं में विलंब होने के कारण सत्र 2026-27 के लिए योजनान्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

# सहसपुर लोहारा नपं का चुनावी रण फतह करने एड़ी-चोटी का जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए हो रहे उपचुनाव का प्रचार अब अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है। निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के तहत यहां 1 जून को मतदान किया जाएगा।

इससे पहले चुनावी मैदान में उतरे सभी प्रत्याशी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाते दिखाई दे रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि सहसपुर लोहारा नगर पंचायत का अध्यक्ष पद भाजपा के पास था, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा के आकस्मिक निधन के बाद यहां उपचुनाव की स्थिति निर्मित हुई है।

इस उपचुनाव में जहां भाजपा ने अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी बरकरार रखने के लिए दिवंगत भाजपा नेता संतोष मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सरिता मिश्रा को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने अपने युवा नेता एवं पूर्व पार्षद रोशन वैष्णव पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी बनाया है।

इसके अलावा नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के चुनावी रण में चार अन्य निर्दलीय प्रत्याशी भी ताल ठोंक रहे हैं। भाजपा द्वारा अपनी अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती सरिता मिश्रा की जीत सुनिश्चित करने के लिए सघन चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क किया जा रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपने प्रत्याशी को विजय दिलाने नगर के सभी 15 वार्डों में घर-घर जाकर मतदाताओं को भाजपा सरकार की नीति, रीति, योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी देकर समर्थन जुटा रहे हैं।

वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी नगर पंचायत सहसपुर लोहारा का अध्यक्ष पद अपने कब्जे में करने के लिए पूरा जोर लगा रही है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष से लेकर तमाम नेता यहां अपने प्रत्याशी के साथ सक्रिय नजर आ रहे हैं।





### निर्दलीय प्रत्याशी बिगाड़ सकतें हैं खेल

देखा जाए तो यहां मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही है, लेकिन चुनावी मैदान में उतरे चार निर्दलीय प्रत्याशी दोनों ही दलों के प्रत्याशियों का खेल बिगाड़ रहे हैं। बताया जाता है कि चारों निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि चुनाव में जीत-हार का अंतर काफी कम रह सकता है। बहरहाल, चुनावी रण में कौन बाजी मारेगा और किसके सिर जीत का सेहरा सजेगा, यह आने वाले दिनों में मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### चुनाव मैदान में आधा दर्जन प्रत्याशी

स लोहारा के चुनावीरण में आधा दर्जन प्रत्याशी मैदान में हैं जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी रोशन वैष्णव, भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सरिता संतोष मिश्रा तथा निर्दलीय प्रत्याशी कमल यादव, डाकेश्वर श्रीवास, गुलशन कुमार गंधर्व तथा महोदव कुंभकार शामिल हैं। देखने वाली बात होगी अब इनमें किसके सिर ताज होगा।

## समस्या: लाखों की सड़क के पहली बारिश में ही बह जाने की आशंका

# प्रधानमंत्री जनमन योजना में पलीता, सड़क निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

कबीरधाम जिले में चल रहे अथवा पूरे हो चुके तमाम निर्माण एवं विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की खबरें अब रोजमर्रा की आम बात हो गई हैं। वहीं, ऐसे मामलों में कड़ाई से जांच और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं होने से लगता है कि जिले में भ्रष्टाचार को अब शिष्टाचार मान लिया गया है।

देश की सर्वाधिक पिछड़ी बैगा जनजाति के विकास और उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई महत्त्वाकांक्षी पी एम जनमन (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। पंडरिया विकास खंड अंतर्गत चतरी से इमलीटोला तक बनाई जा रही 2.40 किमी लंबी सड़क के निर्माण में गुणवत्ता और मानकों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है।

जमीनी हकीकत को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्माण एजेंसी द्वारा किया जा रहा यह थूक-पॉलिश वाला काम पहली बारिश की बौछार भी नहीं झेल पाएगा।



### सीसी रोड की मोटाई आधी

एक ओर जहां सड़क के तकनीकी जानकारों का कहना है कि मानक के अनुसार सी सी रोड की मोटाई 7 से 8 इंच होनी चाहिए वहीं चतरी ग्राम के पास बनाई गई सीसी रोड की मोटाई बमुश्किल 3 से 4 इंच ही पाई गई है। कार्यस्थल पर लगे सरकारी सूचना बोर्ड के मुताबिक, मार्च 2024 से शुरू हुए इस निर्माण कार्य को 12 महीनों के भीतर यानी मार्च 2025 तक पूर्ण हो जाना था। लेकिन कछुआ गति और लापरवाही का आलम यह है कि जून का महीना शुरू होने को है और वर्षा ऋतु सिर पर है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह काम वर्ष 2026 के अंत तक भी पूरा होता नहीं दिख रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण को जानबूझकर इतना लंबा खींचा जा रहा है ताकि कागजों पर दिखने वाली 5 साल की गारंटी अवधि को इसी तरह लटकाकर खत्म किया जा सके।

### सड़क निर्माण में गुणवत्ता संबंधी कमियां



इस निर्माणाधीन सड़क के निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता विहीन और घटिया स्तर की कई गंभीर कमियां सामने आई हैं। यहां सूचना पटल के मानकों को दरकिनार कर निर्माण कार्य में स्थानीय नाले से निकाली गई घटिया रेत का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। साथ ही, डामरीकरण के पूर्व बेस के रूप में नियमों के मुताबिक डब्ल्यूबीएम की दो परतों की जगह ठेकेदार द्वारा महज एक परत बिछाकर खानापूर्ति कर दी गई है। इसके अलावा, इमलीटोला बस्ती के पास हाल ही में किया गया डामरीकरण इस कदर स्तरहीन है कि वह जूते से घिसने मात्र से ही बिखर रहा है।

### अधिकारी कर रहे हैं अनदेखी

करोड़ों रुपये की स्वीकृत राशि में खुलेआम लगाए जा रहे इस चूने पर विभागीय अधिकारियों ने पूरी तरह से आंखें मूंद रखी हैं। बार-बार ध्यान आकर्षण के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बरती जा रही अनदेखी से इस पूरे खेल में उनकी सांठगांठ और मिलीभगत की बू आ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते इस निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच नहीं कराई गई, तो बैगा आदिवासियों के न्याय और विकास के नाम पर आई यह सरकारी राशि भ्रष्टाचार के गर्त में समा जाएगी।

# जुआरियों की फड़ में पुलिस की दबिश, 4 आरोपी गिरफ्तार



- कवर्धा कोतवाली पुलिस ने फड़ से बरामद की 02 लाख 13 हजार रुपए की रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नगर के करपात्री चौक स्थित एक मकान में गुरूवार की रात दबिस देकर पुलिस ने चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन जुआरियों के पास से 02 लाख 13 हजार रुपए नगद, 52 पत्ती ताश एवं 04 मोबाइल फोन बरामद किए है। जुआरियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि नगर के कपरपात्री चौक स्थित एक मकान में कुछ लोग फड़ जमा कर जुआ खेल रहे हैं और लाखों का दांव लगाया जा रहा है।

इस सूचना के आधार पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर दबिस दी और फड़ से चार आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों आरोपी सम्मी केशरवानी, आकाश शिवहरे, रोहित जांगड़े और रामचरण साहू को गिरफ्तार किया गया।

तलाशी में आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नगदी और जुए में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं जुआ खेलने के लिए जगह उपलब्ध कराने और फड़ संचालन में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर अलग से कार्रवाई की जा रही है।

# अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब होंगे ऑनलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर के निर्देशानुसार केंद्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के कंपोनेट अंतर्गत कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी किए जाएंगे।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार कार्यालय के लोक सेवा केंद्र के माध्यम से यह प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आवेदन के लिए आवेदक को ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण पत्र, सरपंच, पार्षद से सत्यापन एवं पटवारी के हस्ताक्षरयुक्त दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

जिला कबीरधाम के अंतर्गत समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, प्रधान पाठक, शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के ऐसे विद्यार्थियों, जिनके परिवार अस्वच्छ व्यवसाय कार्य से जुड़े हैं, को इस सुविधा की जानकारी उपलब्ध कराएं तथा पात्र विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनवाने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इस संबंध में संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों एवं विद्यालयों को आवेदन प्रपत्र एवं अस्वच्छ व्यवसाय नमूना प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# मोटर सायकल सवार परिवार को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से संवेदनशील बने हुए पंडरिया-बजाग में शुक्रवार को एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें मध्य प्रदेश से रायपुर की ओर जा रहा एक मोटर सायकल सवार परिवार को तेज रफ्तार तूफान वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से ठोकर मार दी जिसमें पूरा परिवार बाल-बाल बच गया।

दुर्घटना में मोटर सायकल सवार 4 सदस्य घायल बताए जा रहे हैं जिन्हें कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने वाहन जप्त कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, महंदवानी मध्य प्रदेश निवासी होलकर पिता जोहार अपनी पत्नी ओमवती, एक बेटा और एक बेटी के साथ बाइक से रायपुर जा रहे थे।

जैसे ही वे पोलमी मुख्य मार्ग अचरा क्षेत्र में पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक तूफान वाहन ने उनकी मोटर सायकल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटर सायकल सवार परिवार सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और घायलों को संभाला।

सूचना मिलने पर एंबुलेंस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची और घायलों को कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया।

### जब्त किया गया तूफान वाहन



घटना की सूचना मिलते ही कुकदूर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन तूफान को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है। हालांकि अभी तक आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी की जानकारी नहीं मिल पाई है।

# ग्रामीणों ने आवागमन को सुलभ करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



विकास एवं लोगों की सुविधाओं के नाम पर विकासखण्ड कवर्धा मुख्यालय से चार किलो मीटर दूरी ग्राम पंचायत नेवारी के वार्ड क्रमांक 2 में कार्य ऐजेंसी ग्राम पंचायत द्वारा सीसी रोड का निर्माण तो करा दिया गया है लेकिन 10 लाख रूप की लागत से निर्मित एक सीसी रोड एक छोटी सी खामी के चलते दम तोड़ते नजर आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कार्य ऐजेंसी ने सीसी रोड के किनारे बनी नालियों में ढोल नही डाला है जिससे वाहन चालकों को नाली पार करने में भारी परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ रहा है साथ ही ढोल के आभाव में वाहनो के निकलने से सड़क का किनारा भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होते चला जा रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से मांग की है कि उचित स्थानो में ढोल डाला जाए ताकि आवागमन सुलभ हो सके और सीसी रोड को भी क्षति न पहुंचे

## छत्तीसगढ़ समावेशी आजीविका योजना का अर्धवार्षिक निरीक्षण सम्पन्न

# केन्द्र एवं राज्य की टीम ने किया निरीक्षण



### योजना से मिल रहे आजीविका के नए अवसर

इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि योजना कमजोर एवं वंचित परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोडने का प्रभावी माध्यम बन रह है। सामुदायिक संस्थाओं एवं कोच दीदियों के प्रयासों से परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। इन्ही प्रयासों को देखने के लिए केंद्र एवं राज्य की टीम ने जिले का भ्रमण कर योजना में हो रहे कार्यों पर संतोष जताया। दल द्वारा चयनित परियोजना प्रतिभागियों के घरों का भ्रमण किया। सामाजिक-आर्थिक स्थिति और उनकी आजीविका गतिविधियों तथा परियोजना से प्राप्त लाभों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने बताया कि परियोजना के माध्यम से उन्हें आजीविका के नए अवसर एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ समावेशी आजीविका योजना का केन्द्र एवं राज्य शासन की संयुक्त टीम द्वारा अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में केन्द्र एवं राज्य के दल ने जिले के इंद्रावती संकुल स्तरीय संगठन कुकदूर, सवेरा संकुल स्तरीय संगठन बैजलपुर एवं भोरमदेव संकुल स्तरीय संगठन राजानवागांव का भ्रमण किया। इस दौरान ब्रॉक इंटरनेशनल ट्रिकल अप एवं इमागो के प्रतिनिधियों ने परियोजना की प्रगति एवं समुदाय स्तर पर हो रहे कार्यो का अवलोकन किया।

निरीक्षण दल ने सीएलएफ पदाधिकारियों, ग्राम संगठन सहित अन्य से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। गांव में योजना से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर अत्यंत गरीब एवं कमजोर परिवारों की पहचान, चयन प्रक्रिया, ग्राम संगठन एवं सीएलएफ की भूमिका तथा परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बात की। मिशन दल ने कोच दीदियों के साथ संवाद कर उनके कार्यों, घरों का नियमित भ्रमण, परिवारों को दिए जा रहे मार्गदर्शन,सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के कार्य तथा आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयासों कि सराहना की।

# सांसद ने स्टाप डेम निर्माण की रखी नींव

- ग्राम लघान में 30 लाख रुपये की लागत से बनेगा स्टॉपडेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने कवर्धा विकासखंड के ग्राम लघान में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सकरी नदी पर बनने वाले स्टॉपडेम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सांसद की अनुशंसा एवं प्रयासों से अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के अंतर्गत इस निर्माण कार्य के लिए 30 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार लगातार विकास कार्यों को गति दे रही है। उन्होंने बताया कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों का समग्र विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं के प्रभाव से दूरस्थ क्षेत्रों की तस्वीर तेजी से बदल रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान, गरीब, युवा और महिलाओं सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात सांसद ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और कुशलक्षेम की जानकारी ली।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, भाजपा मंडल महामंत्री राजू चंद्रवंशी, सरपंच बलदेव चंद्रवंशी, कृपालु शर्मा, सनत नाथ योगी, राजेश सोनी, जितेंद्र चंद्रवंशी, भरत चंद्रवंशी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 6 जून को




**कुण्डा/कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत दामापुर में 6 जून 2026 को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के मार्गदर्शन में विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अरविंदो नेत्रालय, पचपेड़ी नाका रायपुर के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से मरीजों की निःशुल्क जांच की जाएगी। शिविर आयोजक अश्वनी यदु, प्रतिनिधि सभापति जनपद पंचायत पंडरिया एवं सरपंच प्रतिनिधि बहादुर खान ने बताया कि शिविर का आयोजन दामापुर बाजार में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। नेत्र परीक्षण शिविर में मोतियाबिंद, रतौंधी, ग्लूकोमा, आंखों के पर्दे से संबंधित समस्याएं, कम दिखाई देना एवं दूर की दृष्टि कमजोर होने जैसी बीमारियों की जांच की जाएगी। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों का अरविंदो नेत्रालय रायपुर में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा तथा लेंस एवं चश्मे भी निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में लाभ लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून 2026 निर्धारित की गई है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

## निधन

### श्रीमती रामबाई राजपूत

**मोहगांव।** ग्राम मोहगांव निवासी श्रीमती राम बाई राजपूत का



शुक्रवार 29 मई को दोपहर 2:20 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से ग्राम मोहगांव सहित क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. श्रीमती राम बाई राजपूत, लक्ष्मण सिंह ठाकुर एवं केंद्रीय न्याय मंडल सदस्य भरत सिंह ठाकुर की माताजी थीं। स्व. श्रीमती रामबाई राजपूत की अंतिम संस्कार शुक्रवार शाम को ग्राम मोहगांव स्थित मुक्तधाम में किया गया। इस दौरान आसपास क्षेत्र के सामाजिक, गणमान्य नागरिक व ग्रामीण जन शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# कुण्डा में नवनिर्मित चंदनिया कुर्मी समाज के भवन का लोकार्पण

- पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उपस्थिति में समाजजनों ने एकता व विकास का लिया संकल्प।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

ग्राम कुण्डा में छत्तीसगढ़ प्रदेश चंदनिया कुर्मी समाज एवं चंद्राकर युवा कल्याण समिति कबीरधाम के तत्वाधान में नव निर्मित समाज भवन का भव्य लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा एवं ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थें, उनके आगमन पर समाजजनों ने आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्होंने समाज की एकजुटता, शिक्षा एवं सामाजिक विकास को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि समाज भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि सामाजिक गतिविधियों, सांस्कृतिक आयोजनों और संगठनात्मक बैठकों का केंद्र बनेगा। उन्होंने समाज के युवाओं से शिक्षा एवं सामाजिक दायित्वों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में पंडरिया की पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, लेखनी चंद्राकर एवं अन्नपूर्णा चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थें। समारोह के दौरान अतिथियों ने समाज भवन का लोकार्पण कर समाजजनों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में छत्तीसगढ़ चंदनिया कुर्मी समाज के प्रदेशाध्यक्ष मनहरन लाल चंद्राकर सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थें। समाज के वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक समरसता बढ़ाने एवं आने वाली पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम में नंदलाल चंद्राकर, हरेन्द्र चंद्राकर, मनोहर चंद्राकर, पालेश्वर चंद्राकर, सुकुतराम चंद्राकर, जलेश्वर चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, भागवत चंद्राकर एवं रज्जु चंद्राकर सहित अनेक वरिष्ठ समाजजन उपस्थित थें। वहीं चंद्राकर युवा कल्याण समिति के अध्यक्ष रोशन चंद्राकर के नेतृत्व में युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में समाज के विकास, शिक्षा व संगठन को नई दिशा देने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

### समाज भवन बनेगा सामाजिक गतिविधियों का केंद्र



नव निर्मित समाज भवन में सामाजिक बैठकें, सांस्कृतिक कार्यक्रम, युवाओं के मार्गदर्शन शिविर एवं समाज के विभिन्न आयोजन आयोजित किए जाएंगे। समाजजनों ने इसे सामाजिक एकता और संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### युवाओं ने संभाली आयोजन की कमान

चंद्राकर युवा कल्याण समिति के युवाओं ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वागत, मंच संचालन, अतिथि सत्कार एवं आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियों को युवाओं ने सुव्यवस्थित ढंग से निभाकर समाज में नई ऊर्जा का संदेश दिया।

## चुनाव : प्रेक्षक ने बेरला में निर्वाचन तैयारियों का किया निरीक्षण

# त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 1 जून को जिले के 16 मतदान केंद्रों में होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के अंतर्गत जिले में रिक्त 01 जनपद पंचायत सदस्य तथा 04 पंच पदों के लिए 01 जून 2026 को मतदान कराया जाएगा। इसके लिए विकासखण्ड बेरला, बेमेतरा एवं साजा के कुल 16 मतदान केन्द्रों में मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान दलों की रवानगी 31 मई 2026 को संबंधित खण्ड मुख्यालयों से की जाएगी।निर्वाचन कार्य के पर्यवेक्षण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संशोधित आदेश जारी करते हुए लक्ष्मण सिंह, वन उप संरक्षक (रोकड़), नया रायपुर को बेमेतरा एवं कबीरधाम जिले का प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री सिंह ने आज जनपद पंचायत बेरला पहुंचकर निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले के तीनों विकासखण्डों में मतदान दलों का गठन कर उन्हें दो चरणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

विकासखण्ड बेरला में जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-07 के निर्वाचन हेतु ग्राम पंचायत रेवे, भरचट्टी, पतोरा एवं सिलघट के कुल 12 मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत कोदवा के वार्ड क्रमांक-04 में पंच पद के लिए भी मतदान होगा। इस क्षेत्र में कुल 5,813 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसी प्रकार विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम पंचायत बेतर (वार्ड क्रमांक-08) एवं ग्राम पंचायत बंधी (वार्ड क्रमांक-05) में पंच पद के लिए चुनाव होगा, जहां कुल 192 मतदाता मतदान करेंगे। वहीं साजा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सोमईखुर्द के वार्ड क्रमांक-01 में पंच पद के निर्वाचन के लिए 94 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### सुचारू निर्वाचन संचालन के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

निर्वाचन की निष्पक्ष एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा जिले में 04 सेक्टर अधिकारियों तथा 03 राजस्व अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।




### जनपद सदस्य पद के लिए 4 प्रत्याशी मैदान में

निर्वाचन में जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए 04 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। वहीं पंच पद हेतु ग्राम पंचायत बेतर में 02, ग्राम पंचायत बंधी में 03 तथा ग्राम पंचायत सोमईखुर्द में 02 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान 01 जून 2026, सोमवार को प्रातः 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के पश्चात संबंधित मतदान केन्द्रों में ही मतगणना की जाएगी। निर्वाचन परिणामों का सारणीकरण एवं अंतिम घोषणा 04 जून 2026 को संबंधित खण्ड मुख्यालयों में की जाएगी।

# मछली पालन कर एक मिशाल पेश कीः पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को कल तक हर क्षेत्र में कमजोर समझा जाता था। समाज ही नहीं, बल्कि परिवार में भी महिलाओं को दबा कर रखा जाता है। पूरे देश में जैसे-जैसे बदलाव आ रहा है, वैसे-वैसे महिलाएं भी अपने को बदल रही है। ग्राम फादातोड निवासी पुर्णिमा चंद्रवंशी, पुरुषों को हर क्षेत्र में पीछे छोड़ने पर आमदा है। आत्मनिर्भरता की वैसे तो कई उदाहरण मिल जाएंगे, लेकिन जब शिक्षित लड़की दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ती है तो औरों के लिए मिशल बन जाती है।

मछलीपालन कर आत्मनिर्भता की ओर कदम बढ़ाती एक ऐसे ही जागरुक व शिक्षित लड़की से पत्रिका रुबरु हुए। जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर एक छोटे से गांव फादातोड़ की रहने वाली पूर्णिमा चंद्रवंशी मछलीपालन कर आत्मनिर्भरता की एक मिशाल पेश कर रही है। मध्यम परिवार से आने वाली पूर्णिमा चंद्रवंशी ने सन् 2022 में तीन एकड़ के निजी जमीन को ही तालाब बनाकर मछली पालन का निर्माण लिया। उनके निर्णय को माता कौशिल्या चंद्रवंशी व पिता सिद्धराम चंद्रवंशी का भी पूरा साथ और समर्थन मिला। शुरुआत में कई चुनौतियां भी आई। एक तो पुरुष प्रधान समाज में लड़की का मछलीपालन करने का निर्णय और आत्मनिर्भता की ओर कदम बढना आसानी नहीं था, लेकिन मेहनत, लगन और सही दिशा में किए गए प्रयास किसी भी चुनौती को अवसर में बदल सकते हैं। यहीं कारण है कि तीन साल में मछली पालन के जरिए अपनी मेहनत और दृढ़संकल्प से सफलता की अनोखी कहानी लिखने लगी।

आज सालाना लाखों रुपए आमदानी के साथ पूर्णिमा चंद्रवंशी आर्थिक रुप से सशक्त हो चुकी है। अपने सपनों को साकार करने के लिए पूर्णिमा चंद्रवंशी न केवल कठिन परिश्रम किया, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित किए। 21 सदी में लड़कियां लड़कों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। शिक्षा हो या रोजगार, बिजनेस हो या कृषि हर क्षेत्र में शिक्षित लड़कियां अपने बुलंद हौसलों के साथ आत्मनिर्भर हो रही है।

# गांव-गांव पहुंच रही योजनाएं शिविरों में मिल रहा लाभः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

- जेवड़नखुर्द व मिनमीनिया में जन समस्या निवारण शिविर

जिले में चल रहे सुशासन तिहार में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आमजनों से सीधे संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों के बीच सादगी और आत्मीयता के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा आज कवर्धा विकासखंड के ग्राम जेवड़नखुर्द तथा बोड़ला विकासखंड के ग्राम मिनमीनिया मैदान में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्वयं ग्रामीणों से आवेदन लेकर उनकी समस्याओं और मांगों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार में सुशासन की योजनाएं अब गांव-गांव तक पहुंच रही है। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों की मांग पर त्वरित रूप से ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को नए आवास की चाबी भी सौंपी तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो की जानकारी दी।

# विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए अर्जुन तिवारी व सुरेन्द्र छाबड़ा

- राजनितिक, सामाजिक व निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



प्रदेश महामंत्री कांग्रेस एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष पंडरिया अर्जुन तिवारी एवं समाज सेवी सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा एक दिवसीय कुण्डा क्षेत्र के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने राजनीतिक सामाजिक एवं निजी कार्यक्रमों में भाग लिए। विगत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल का कुण्डा आगमन हुआ था, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर के नेतृत्व में ग्राम ओडाडबरी में स्वागत कार्यक्रम आयोजन किया गया। अर्जुन तिवारी स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए, वही ग्राम पेंड्री कला में समाजसेवी संतोष चंद्राकर एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पंडरिया कौशल चंद्राकर के घर दशगात्र कार्यकम में सम्मिलित होकर मृतात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दिए। ग्राम कुण्डा के कार्यकर्ता रघुवीर सिंह चौहान कुछ दिनों से अस्वास्थ्य चल रहे है, उनकी कुशलक्षेम जानने उनके निवास पहुंचे। इस अवसर सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, उपसरपंच मुमताज अहमद, मनहरण चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष हरेंद्र चंद्राकर, बाबूलाल रजक, सुकूतराम चंद्राकर, पालेश्वर चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में समर्थक एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## पोंड़ी-बिलासपुर-30 निर्माण कार्य का सांसद संतोष पांडेय ने किया निरीक्षण

**कवर्धा।** जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत निर्माणाधीन पोंड़ी-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच -130 ए का शुक्रवार को सांसद संतोष पांडेय ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोंड़ी बायपास सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और निर्माण कार्य में हो रही देरी पर संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रति नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान सांसद ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही सामग्री तथा कार्य की गति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा गुणवत्ता में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी।

## दोपहर की भीषण गर्मी में उपस्थिति दर्ज कराने पहुंच रहे कार्यस्थल

# मजदूर तेज धूप में फोटो खिंचवाने मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला, कोलेगांव सहित आसपास के कई गांवों में इन दिनों महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत तालाब और गोदी खनन का कार्य चल रहा है। भीषण गर्मी और उमस के बीच काम कर रहे मजदूरों को अब एक नई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों को उपस्थिति दर्ज कराने के लिए दिन में दो बार कार्यस्थल पहुंचकर फोटो खिंचवाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें तेज धूप में अतिरिक्त परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं।

ग्रामीणों और मजदूरों के अनुसार शासन के नियम के तहत मनरेगा कार्य में लगे श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए सुबह 8 से 9 बजे के बीच तथा दोपहर 12 से 1 बजे के बीच फोटो लिया जाता है। इसके लिए मजदूरों को उसी स्थान पर उपस्थित रहना अनिवार्य होता है जहां कार्य संचालित हो रहा है।

मजदूरों का कहना है कि सुबह से कड़ी मेहनत कर गोदी खनन का कार्य करने के बाद दोपहर में फिर से तेज धूप के बीच कार्यस्थल तक पहुंचना पड़ता है। कई मजदूरों को अपने घर से लगभग एक किलोमीटर या उससे अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। दोपहर की कड़कती धूप और उमस में यह प्रक्रिया मजदूरों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ऑनलाइन सर्वर धीमा या बंद होने के कारण मजदूरों को घंटों तक कार्यस्थल पर इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान महिलाएं, बुजुर्ग और अन्य मजदूर तेज धूप में बैठे रहने को मजबूर हो जाते हैं। इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं। मजदूरों और ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मनरेगा उपस्थिति दर्ज करने के नियमों में कुछ राहत दी जाए।

### दोपहर की हाजिरी बनी परेशानी

मनरेगा मजदूरों का कहना है कि सुबह काम करने के बाद दोबारा दोपहर में फोटो खिंचवाने जाना सबसे बड़ी समस्या बन गया है। तेज धूप और उमस के कारण कई मजदूरों की तबीयत भी बिगड़ रही है। खासकर महिला मजदूरों और बुजुर्ग श्रमिकों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सर्वर डाउन होने से घंटों इंतजार

ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के दौरान कई बार मोबाइल नेटवर्क और सर्वर की समस्या सामने आती है। ऐसे में मजदूरों को कार्यस्थल पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि तकनीकी खामियों का खामियाजा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है, जबकि गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है।

## नशे के खिलाफ व्यापक अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाएगा।

इस अवसर पर तंबाकू एवं नशे के दुष्प्रभावों पर विभिन्न विभागों, प्रतिष्ठित नागरिकों तथा भारतमाता वाहिनी के सहयोग से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पेज 11 के शेष

### डाइट में चल ...

अनुपस्थित रहीं। परीक्षा का आयोजन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक किया गया। पूरे परीक्षा केंद्र में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा के दौरान नकल अथवा अनुचित साधनों के उपयोग का कोई मामला सामने नहीं आया। परीक्षा के दूसरे दिन डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सभी व्यवस्थाओं को संतोषजनक एवं व्यवस्थित पाया।

डीएलएड वार्षिक परीक्षा के लिए सेजेस शिवलाल राठी विद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य रामकुमार डड़सेना को केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता अनिल कुमार सोनी सहायक केंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कार्यालयीन सहयोगी के रूप में सहायक ग्रेड-2 सत्येंद्र मिश्रा अपनी सेवाएं दे रहे हैं। परीक्षा संचालन हेतु दो बड़े हॉल बनाए गए हैं। कक्ष क्रमांक-1 में 60 परीक्षार्थियों तथा कक्ष क्रमांक-2 में 36 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। हॉल क्रमांक-1 में चार तथा हॉल क्रमांक-2 में तीन पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। परीक्षा कार्य में डाइट के सहायक प्राध्यापक परसराम साहू, देवी प्रसाद चंदेश्वर, शिक्षक मोहन कुमार साहू, कविता सेन, ज्योति देवांगन, निर्मलकर एवं दिनेश मानिकपुरी पर्यवेक्षक के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

### भद्रकाली परिसर में लगा ...

से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में सभापति गौरव साहू, विकास तम्बोली, नीतू कोठारी, आकिब मालकनी, लक्की साहू, रश्मि फाडेद्र मिश्रा टंडन, रोशन दत्ता, अनिल रजक, अमरीका निर्मलकर, भानु साहू, दोहाई वर्मा, गजाधर साहू, सूरज साहू, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से लोगों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहितकारी कदम बताया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 5 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** उतई और जामगांव आर थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में देशी मसाला शराब और तीन मोटरसाइकिल जब्त की गई हैं। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। उतई थाना पुलिस को 28 मई को सूचना मिली थी कि कुछ लोग मोटरसाइकिल से अवैध शराब की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर शराब भट्टी रोड गोल्डन परिसर के पास घेराबंदी कर पुलिस ने नीलकंठ और लेखराज को पकड़ा। दोनों ग्राम गनियारी भिलाई के रहने वाले बताए गए। तलाशी के दौरान एक बोरी से 40 पौवा देशी मसाला शराब बरामद हुई, जिसकी मात्रा 7.2 बल्क लीटर और कीमत करीब 4 हजार रुपये बताई गई।

### गिर रहा भूजल का स्तर पब्लिक हो रही परेशान

**दुर्ग।** शहर में लगातार गहराते जलसंकट ने चिंता बढ़ा दी है। भूजल का स्तर गिर रहा है, नलकूप सूख रहे हैं। इस वजह से शहर के अधिकांश हिस्सों में पब्लिक पानी को लेकर परेशान हो रही है। बोरसी, पोटिया, ठगड़ाबांध, दीपक नगर और कातुलबोड जैसे क्षेत्रों में सबसे ज्यादा परेशानी है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि शहर के कई तालाबों का जलस्तर तेजी से घट रहा है, जबकि अधिकांश बोर या तो सूख चुके हैं या खराब पड़े हैं। इस समस्या को लेकर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने नगर निगम एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नलों की पतली पानी की धार व निस्तारी के लिए पानी का अभाव से शहर की जनता जलसंकट से जूझ रही है। सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत ने बताया कि निगम द्वारा पानी की मांग का पत्र नहीं भेजा गया है। अगर मांग की जाती तो हम नहरों के माध्यम से नदी व तालाबो के लिए पानी छोड़ा जाएगा।

### बीएसपी कर्मियों को जल्द दें लाइसेंसी आवास

**भिलाई।** स्टील इंम्पलाइज यूनियन इंटक बीएसपी प्रबंधन से संयंत्रकर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर लायसेंसी आवास आवंटन को फिर से चालू किए जाने की मांग की है। इससे रिटायर कर्मचारियों को आवास के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। बीएसपी के राजस्व में वृद्धि और कर्मियों के मनोबल के साथ प्रबंधन का सामाजिक सरोकार का उद्देश्य भी पूरा होगा। यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने महासचिव संजय कुमार साहू के नेतृत्व में बीएसपी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के नाम वरिष्ठ प्रबंधक औद्योगिक संबंध एवं ठेका प्रकोष्ठ राहुल थोटे को ज्ञापन सौंपकर कर्मियों के हित में लायसेंस आवास आवंटन योजना पुनः शुरु करने की मांग की। कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों का कर्मठता निर्वहन करते हुए संयंत्र को ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**आयोजन :** मंच, बैठक, पेयजल, विद्युत, भोजन एवं आमजन सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# जिले में 31 मई को आएंगे सीएम साय, सामूहिक विवाह और सुशासन शिविर की तैयारियों का दीपेश साहू ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के बेसिक स्कूल मैदान में कल 31 मई आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम, विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन तथा सुशासन तिहार समाधान शिविर की तैयारियों का शुक्रवार को बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान विधायक दीपेश साहू ने मुख्य मंच निर्माण, वीआईपी एवं आमजन बैठक व्यवस्था, वर-वधुओं एवं उनके परिजनों के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन मार्ग, पेयजल, विद्युत, भोजन वितरण, विभागीय स्टॉल, सुरक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं सहित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति संभावित है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर विशेष तैयारियों के निर्देश विधायक श्री साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील योजना है। यह केवल विवाह का आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों एवं जनकल्याण की भावना को सशक्त करने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे, इसलिए आयोजन की गरिमा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए।

- सामूहिक विवाह और सुशासन शिविर की तैयारियों के निरीक्षण पर बोले विधायक दीपेश साहू



### मुख्यमंत्री साय कन्या विवाह एवं लोकार्पण व भूमि पूजन कार्यक्रम में होंगे शामिल

बेमेतरा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 31 मई कन्या विवाह एवं लोकार्पण व भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल,वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद विजय बघेल, विधायक किरण सिंह देव, रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ,जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू उपस्थित रहेंगे।

- लोकार्पण-भूमिपूजन एवं विभागीय प्रदर्शनी पर भी रहेगा विशेष फोकस

मुख्य मंच का निरीक्षण करते हुए विधायक ने निर्देश दिए कि मंच को आकर्षक एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया जाए। साथ ही लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले प्रदर्शनी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल को भी सुव्यवस्थित ढंग से तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिल सके।

### सुशासन तिहार समाधान शिविर में आमजन को मिले बेहतर सुविधाएं

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सुशासन तिहार समाधान शिविर शासन और जनता के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले नागरिकों के लिए सहायता केंद्र, छायादार प्रतीक्षा स्थल, पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए विधायक ने पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल, कूलर, पानी टैंकर तथा विश्राम स्थलों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था तैयार रखने को कहा। भोजन व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए विधायक ने कहा कि वर-वधुओं, उनके परिजनों एवं कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवस्थित भोजन उपलब्ध कराया जाए। भोजन वितरण के दौरान अनुशासन, स्वच्छता एवं सुचारू संचालन का विशेष ध्यान रखा जाए।

### जिले के लिए गौरव का अवसर

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि बेमेतरा जिले के लिए यह गौरव एवं सौभाग्य का विषय है कि मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह, विकास कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन एवं सुशासन तिहार जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम एक साथ आयोजित हो रहे हैं। यह आयोजन जिले के विकास, सामाजिक समरसता और जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर, नगर पालिका सीएमओ, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सहित भाजपा ओबीसी नेता होरीलाल सिन्हा, राजेंद्र शर्मा, महेश साहू, रेवाराम निषाद, युगल देवांगन, डॉ. विनय साहू, संदीप यादव, राजेश पटेल, हर्षवर्धन तिवारी, विकास तंबोली, लक्की साहू, ओमेश्वरी साहू, ओमकार साहू, परमेश्वर साहू, दीनानाथ साहू सहित जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ साजा ने एसपी से आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा के युवा अधिवक्ता गुलशन मनहरे के साथ न्यायालय परिसर स्थित उनके चेंबर में घुसकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना को गंभीर बताते हुए अधिवक्ता संघ साजा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से मुलाकात कर आरोपी के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई एवं गिरफ्तारी की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा, सहसचिव मनोज वर्मा, चंद्रप्रकाश कन्नौजे, हुलेश सिंहा सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे। अधिवक्ताओं ने एसपी को बताया कि न्यायालय परिसर जैसे संवेदनशील स्थान पर किसी अधिवक्ता के चेंबर में घुसकर अभद्र व्यवहार करना कानून व्यवस्था पर सीधा प्रश्नचिन्ह है।

- न्यायालय परिसर में अधिवक्ता को धमकी देने का मामला गरमाया

उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो अधिवक्ताओं में असुरक्षा की भावना बढ़ेगी। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि न्यायालय परिसर में इस तरह की घटना हुई है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साजा थाना प्रभारी को मामले में आवश्यक निर्देश देते हुए जांच कर उचित कार्रवाई करने को कहा। जानकारी के अनुसार धौराभाटा निवासी अधिवक्ता गुलशन मनहरे व्यवहार एवं तहसील न्यायालय साजा में अधिवक्ता हैं। बताया जा रहा है कि उनके गांव का निवासी अखिलेश मनहरे अवैध शराब बिक्री का कार्य करता है। गांव एवं आसपास के क्षेत्र में अवैध शराब के कारण बढ़ते नशे और अपराध के माहौल को लेकर शिकायत किए जाने के बाद यह विवाद सामने आया। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते अखिलेश मनहरे न्यायालय परिसर पहुंचा और अधिवक्ता गुलशन मनहरे के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा

घटना की जानकारी मिलते ही साजा के अधिवक्ता लामबंद हो गए और आरोपी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है, जबकि समय-समय पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारण सामाजिक वातावरण बिगड़ रहा है और अपराध को बढ़ावा मिल रहा है। घटना की वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी कड़ी निंदा की है। वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम चौबे, सागर मानिक, विजय जोशी, पंडित विनोद शर्मा, हरिशरण क्षत्रिय, के.के. वैष्णव, गोकुल राजपूत, दिनेश साहू, मनोज वर्मा, कविता गोसाईं, मनोज राजपूत, योगेंद्र सिंह चंदेल, संजय दत्त, अजय गोस्वामी, मनोज शर्मा, अजय देवगन, चंद्रप्रकाश कन्नौजे और हुलेश सिंहा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे का 70वां जन्मदिन बना जनआशीर्वाद दिवस

## जगह-जगह भव्य स्वागत कर समर्थकों ने काटा केक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

छत्तीसगढ़ की राजनीति में सादगी, विद्वत्ता और कुशल रणनीतिक कौशल के पर्याय, पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविंद्र चौबे ने अपने जीवन के 70 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस खास अवसर को पूरे साजा क्षेत्र सहित प्रदेशभर में उत्साह, उमंग और अद्वितीय जनसमर्थन के साथ जनआशीर्वाद दिवस के रूप में मनाया गया। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक समर्थकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने जगह-जगह भव्य स्वागत कार्यक्रमों का आयोजन कर केक काटा और अपने जनप्रिय नेता की दीर्घायु की कामना की।

**छात्र राजनीति से शिखर तक : लगातार 7 बार विधायक का कीर्तिमान:** बेमेतरा जिले के साजा क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित परिवार में जन्मे रविंद्र चौबे ने छात्र जीवन से ही जनसेवा का संकल्प ले लिया था। उनकी प्रखर वाक्शैली और जनहित के मुद्दों पर गहरी पकड़ ने उन्हें जल्द ही कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की नजरों में ला दिया।

वर्ष 1985 में पहली बार विधानसभा की दहलीज लांघने वाले चौबे ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार सात बार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर एक अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया। अविभाजित मध्य प्रदेश की दिग्विजय सिंह सरकार हो, या छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद अजीत जोगी की सरकार और फिर भूपेश बघेल सरकार में कृषि व संसदीय कार्य मंत्री के रूप में उन्होंने अपनी प्रशासनिक दक्षता का लोहा मनवाया।

**कांग्रेस भवन से लेकर बंटी जैन के निवास तक उमड़ा जनसैलाब:** दिनभर चले विभिन्न आयोजनों में कार्यकर्ताओं और नगरवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर के कांग्रेस भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, युवा साथी और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने फूल-मालाओं और गुलदस्तों से श्री चौबे का आत्मीय स्वागत किया। वहीं, नगर पंचायत साजा के पूर्व एल्डरमेन जितेन्द्र जैन (बंटी) के निवास पर भी जन्मदिन का एक भव्य और आत्मीय आयोजन किया गया, जहां समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा क्षेत्र दिनभर रविंद्र चौबे जिंदाबाद के नारों से गुंजायमान रहा।





### बधाई देने पहुंचे पक्ष-विपक्ष के दिग्गज व पदाधिकारी

70वें जन्मदिन के इस खास अवसर पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। साजा में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान मुख्य रूप से ईश्वर वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा, संतोष वर्मा पूर्व अध्यक्ष, अंजोर यदु अध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस कन्हैया साहू अध्यक्ष किसान कांग्रेस साजा, मनोज जायसवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत साजा, मंडल अध्यक्ष गण राजेश चंदेल, किलुश यदु, नगर पंचायत देवकर उपाध्यक्ष अतुल शर्मा, गुड्डू जायसवाल, दिनेश साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विभाग साजा, जनार्दन सिंह ठाकुर, नरेश सिन्हा, हनु साहू, सेक्टर अध्यक्षगण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एन एस यू आई सहित समस्त कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही है।

### उपलब्धियों पर एक नजर

- 1985 - 2000 तक अविभाजित मध्य प्रदेश में विधायक और उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में सक्रिय भूमिका।
- 2000 - 2003 तक छत्तीसगढ़ के प्रथम मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण विभागों का सफल संचालन।
- 2008 - 2013 तक नेता प्रतिपक्ष के रूप में सदन की भाषाई मर्यादा को बनाए रखते हुए जनहित के मुद्दों की प्रखर पैरवी।
- 2018 - 2023 तक कृषि मंत्री रहते हुए नरवा-गरवा-घुरवा-बारी और किसान न्याय योजना जैसी फ्लैगशिप योजनाओं के मुख्य सूत्रधार।

### सत्ता साधन नहीं, न्याय का जरिया : रविंद्र चौबे

अपने जन्मदिन के इस ऐतिहासिक पल पर पूर्व विधायक रविंद्र चौबे ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा- राजनीति मेरे लिए कभी सत्ता का साधन नहीं रही, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का एक जरिया रही है। साजा क्षेत्र की जनता का यह अपार स्नेह, सम्मान और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी और ताकत है। जनता के सुख-दुख में सदैव साथ खड़ा रहना ही मेरे जीवन का मुख्य उद्देश्य है।

**जिले की विभिन्न तहसीलों में संगठनात्मक बैठकें आयोजित की गईं**

# कबीर पंथ मिशन की तहसीलवार बैठक, 27 जून के जिला स्तरीय आयोजन की बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कबीर पंथ के 16वें वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब द्वारा संचालित सद्गुरू कबीर धर्मदास वंशावली मिशन जिला बेमेतरा के तत्वावधान में जिले की विभिन्न तहसीलों में संगठनात्मक बैठकें आयोजित की गईं। बैठकें बेमेतरा, बेरला, नवागढ़, नांदघाट, साजा, थान-खम्हरिया, दाढ़ी, भिंभौरी, देवरबीजा एवं देवकर में संपन्न हुईं।

बैठकों में आगामी 9 जून को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आयोजित होने वाली सेमिनार वर्कशॉप ट्रेनिंग (विशेष कार्यशाला) में जिले के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा 27 जून को बेमेतरा नगर में आयोजित जिला स्तरीय सद्गुरू कबीर प्राकट्य दिवस एवं महिला नवोदय महासभा के विशेष आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य युवा प्रतिनिधि खेलन वर्मा, जिला प्रतिनिधि एवन वर्मा, सह प्रतिनिधि महंत संतोष दास, युवा प्रतिनिधि अनिल वर्मा, सह युवा प्रतिनिधि रवि वर्मा, जिला महिला प्रतिनिधि सावित्री वर्मा, जिला सलाहकार प्रतिनिधि महंत बलदाऊ दास, महंत हेमंत दास बैरागी, दाऊ विजेन्द्र वर्मा, दाऊ रणजीत वर्मा, जिला परोपकारी प्रतिनिधि खेमराज वर्मा, राजेश वर्मा, दौलत वर्मा, सुरेश वर्मा पटवारी, विजेन्द्र वर्मा पटवारी, हरमन वर्मा एवं मुरली वर्मा उपस्थित रहे। तहसील प्रतिनिधियों में बेमेतरा से प्रीतम वर्मा, नांदघाट से अशोक साहू, नवागढ़ से आत्मा दास, साजा से मोहित साहू, बेरला से द्वारिका साहू, देवर बीजा से प्रदीप साहू, दाढ़ी से मालिक राम साहू, देवकर से हर्षित साहू, थानखम्हरिया से डोमार दास तथा भिंभौरी से बलकरण साहू शामिल हुए। इसके अलावा जिलेभर के ग्रामीण प्रतिनिधि, महंत, कढ़िहार, कोठारी, भण्डारी, सद्गुरू कबीर नवयुवक मंडल, आमीन माता महिला मंडल, महिला नवोदय महासभा एवं एसकेडीवी मिशन की माताएं-बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।



### तहसील प्रतिनिधियों ने संभाली कमान

बैठक में महिला नवोदय महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण गोस्वामी मालापुरे की गरिमामयी उपस्थिति में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। साथ ही वर्ष 2027 में प्रस्तावित सद्गुरू कबीर नवोदय यात्रा की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रतिनिधियों ने समस्त कबीर पंथियों के सर्वे की समीक्षा करते हुए प्रत्येक गांव में सद्गुरू कबीर प्रकट उत्सव मनाने के लिए समाजजनों को प्रेरित करने का आह्वान किया। विदित हो कि 7 जून से 15 जून तक कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में पंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहब के सानिध्य में सेमिनार वर्कशॉप ट्रेनिंग (विशेष कार्यशाला) का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ सहित दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, झारखंड, उड़ीसा, सिक्किम, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, पश्चिम बंगाल एवं बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि अलग-अलग तिथियों में भाग लेंगे।

